राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

लालजी टंडन के प्रतिमा को नमन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

जयपुर, 21 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने लखनऊ में रविवार को लालजी टंडन की पुण्य तिथि पर उनकी प्रतिमा को नमन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने लालजी टंडन को याद करते हुए उनके आदर्श अपनाने का आह्वान किया।

पौधारोपण कर पौधे लगाने के लिए वितरित भी किए

राज्यपाल श्री मिश्र ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन का किया आह्वान

जयपुर, 21 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंर्तगत वृक्षारोपण कर इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आह्वान किया। उन्होंने इस दौरान पौधे भी वितरित किए।

उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल पर देश भर में आरंभ वृक्षारोपण अभियान "एक पेड़ माँ के नाम" के अंर्तगत विशिष्ट पार्क में वृक्षारोपण करते हुए कहा कि पेड़ पौधे धरती का शृंगार हैं, सभी इस अभियान से जुड़ अधिकाधिक पेड़ लगाएं और उनका संरक्षण भी करे। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना मां के प्रति श्रद्धा भाव व्यक्त करना ही नहीं है बल्कि यह धरती मां के प्रति भी हमारी कृतज्ञता ज्ञापन है।
राज्यपाल ने इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के साथ पेड़ पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते अभियान को प्रभावी रूप में क्रियान्वयन का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजक श्री संजीव अवस्थी ने आभार जताया

पता: 6/145, विपुल खण्ड गोमती नगर,

विकास परिषद
(अवध प्रान्त)
स्वागत करती है।